This question paper contains 2 printed pages. **Your Roll No. ....**

Sl. No. of Ques. Paper	**: 8131**	**GC**
Unique Paper Code	**: 62053306**	
Name of Paper	**: Karyalayee Hindi**	
Name of Course	**: B.A. (Prog.) Hindi (SEC)**	
Semester	**: III**	
Duration	**: 3 hours**	
Maximum Marks	**: 75**	

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिये गये निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिये।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. कार्यालयी हिन्दी के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए उसका उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

अथवा

भारत में कार्यालयी हिन्दी की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालिए। 15

2. कार्यालय से निर्गत किन्हीं **तीन** पत्रों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अथवा

अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को धरोहर राशि वापिस लेने हेतु एक आवेदनपत्र लिखिए। 15

3. अच्छे टिप्पण की विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

संक्षेपण के प्रकारों का वर्णन करते हुए उसकी विधि स्पष्ट कीजिए। 10

4. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए:

कार्यालयी हिन्दी का क्षेत्र

अथवा

सामान्य तथा कार्यालयी हिन्दी का अंतर। 15

5. अपने महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव के लिए एक सभागार की बुकिंग हेतु महाविद्यालय की ओर से भेजे जाने वाले पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।

अथवा

नीचे दिए गए गद्यांश का संक्षेपण कीजिए:

भारतवर्ष बहुत बड़ा देश है। इसका इतिहास बहुत पुराना है। इस इतिहास का जितना अंश जाना जा सकता है, उसकी अपेक्षा जितना नहीं जाना जा सकता, वह और भी पुराना और महत्वपूर्ण है। न जाने किस अज्ञात काल से नाना जातियाँ आ-आकर इस देश में बसती रही हैं और इसकी साधना को नाना भाव से मोड़ती रही हैं, नया रूप देती रही हैं और समृद्ध करती रही हैं। इस देश का सबसे पुराना उपलब्ध साहित्य आर्यों का है। इन्हीं आर्यों के धर्म और विश्वास नाना अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियों में

बनते-बदलते अब तक इस देश की अधिकांश जनता के निजी धर्म और विश्वास बने हुए हैं। आर्यों और द्रविड़ों की सभ्यताओं का संघर्ष और बाद में समन्वय एक चिन्तनीय ऐतिहासिक सत्य है। 10

6. (क) किन्हीं **पाँच** अभिव्यक्तियों का अनुवाद कीजिए:

(i) Carried forward

(ii) Deduction at source

(iii) Follow up action

(iv) Explanation may be called for

(v) Accepted for payment

(vi) Please circulate and file

(vii) We have no remarks to offer

(viii) The proposal is self explanatory

(ix) I have the honour to say

(x) Issue today 5

अथवा

(ख) किन्हीं **पाँच** शब्दों का हिन्दी अनुवाद कीजिए:

Audio-visual, Bye-law, Cleaning, Depositor, Editorial, Goodwill, Idea, Discretion, Empire, Finance. 5